# बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सा विभाग की टीमें जुटी

**पाली**, (नि.सं.)। बारिश के बाद जिले में मौसमी बीमारियां नहीं फैले इसको लेकर चिकित्सा विभाग सजग व सतर्क है। मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए चिकित्सा विभाग द्वारा जिले भर में एंटी लार्वल एक्टिविटीज कर लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

टीमें लगातार फील्ड में एंटी लार्वल एक्टिविटीज के साथ नियमित मोनिटरिंग की जा रही है। जिले में हाल ही में हुई बारिश से जगह जगह पर पानी एकत्रित हो चुका है। ऐसे में वहां के आसपास के इलाकों में मौसमी बीमारियां फैलने से इनकार नहीं किया जा सकता।

इसी को देखते हुए ज़िला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देशन में व सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग ने पाली शहर सहित जिले भर में चिकित्सकीय टीमें बनाई गई है।

ये टीमें शुक्रवार को पाली शहर के विभिन्न इलाकों में एंटी लार्वल एक्टिविटीज कर आमजन को राहत देने का प्रयास किया। यही नहीं चिकित्सा विभाग की टीमों ने पाली शहर के बड़ी संख्या में ज्यादा पानी भराव क्षेत्र में ऑयल बॉल्स एक्टिविटी, एमएलओ, घरों के टांको में टेमिफोस, घरों के कुलर, परिंडे खाली करवाए गए। साथ ही बुखार से ग्रसित रोगियों को पैरासिटामोल दी गई।



**पाली में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के लिए चिकित्सा विभाग जिले भर में एंटी लार्वा एक्टिविटीज कर लोगों को जागरूक करने में जुटा है।** फोटो-राष्ट्रदूत

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि पाली चिकित्सा विभाग की टीम में एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ.अंकित माथुर, यूपीएम जितेन्द्र परमार के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग की टीमों ने पाली शहर के गठित 132 टीमों ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में खाली पड़े प्लॉट, भूखंड एवं खेत इत्यादि में वर्षा के एकत्रित हुए जल में मच्छरों के लार्वा को खत्म करने एवं लार्वा के प्रजनन को रोकने के लिए लकड़ी के बुरादे से बनी ऑयल बॉल्स को कपड़े में लपेट कर पुराने ऑयल में भीगोकर पानी में डाली गई। इन टीमों में आशा सहयोगिनी, एएनएम, नर्सिंग ऑफिसर साथ थे। उन्होंने बताया कि यह प्रयोग मच्छरों के प्रजनन एवं लार्वा को नष्ट करने में कारगर साबित होगा। कपड़े में लपेटकर डाली गई बुरादे की बोले धीरे-धीरे तेल को फैलाएगी और एक बोल अपने आस-पास के करीब 15 से 20 फीट एरिया को कवर करेगी, जो की करीब 20 दिन तक प्रभावी रहेगा। यह तेल पानी पर एक परत बना देगा जिससे मच्छरों के लार्वा अंदर नष्ट हो जाएंगे और मच्छरों की ब्रीडिंग भी नहीं हो पाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रयोग शहर सहित जिले भर में ऐसे सभी स्थान पर किया जाएगा, जहां पर पानी एकत्रित है। साथ ही अन्य एकत्र जल स्त्रोतों में गम्बुसिया मछलिया के डालने की कार्यवाही की जाएगी। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## मंत्री पटेल ने वाकपीठ में शिरकत की

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगरिया में आयोजित लूणी ब्लॉक के संस्था प्रधान वाकपीठ में शिरकत की। पटेल नेकहा कि सभी संस्था प्रधान विभागीय मापदंडों के अनुरूप विभाग द्वारा आवंटित लक्ष्य प्राप्त करें।उन्होंने कहा कि वाकपीठ में नवाचारों पर सार्थक चर्चा करें और अपने विद्यालय में लागू करें।

उन्होंने कहा कि संस्था प्रधान बिना किसी दबाव के विद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में कार्य करें। साथ ही विद्यालय परिसर एवं शौचालयों की नियमित सफाई करवाएं एवं वातावरण को स्वच्छ रखें। उन्होंने मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम को बेहतर तैयारी के साथ मानने का आहवान किया। पटेल ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकाधिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की प्रतिनियुक्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। पटेल ने विद्यालय में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान 2024 'हरियालो राजस्थान' के तहत वृक्षारोपण किया।

# सुरक्षा व्यवस्था में खामियां दिखी, काम्पलैक्स सीज

**जोधपुर**, (कासं)। दिल्ली में लाईब्रेरी के अंडर ग्राउण्ड में बरसाती पानी के हादसे के बाद सचेत हुए जोधपुर नगर निगम ने शहर के बड़े व्यवसायिक काम्पलैक्स और आवासीय काम्पलैक्स में अग्निशन यंत्रों की अनिवार्यता करने के लिये नोटिस दिए और नहीं लगाने वाले के खिलाफ कार्यवाही शुरू की है। शहर में आज गोल बिल्डिंग, नेहरू पार्क रोड पर स्थित शिवालिक कॉम्पलैक्स पर कार्यवाही करते हुए उसे अग्रिम आदेश तक सीज कर दिया। इसके लिए 6 महीने का समय दिया गया है।

जोधपुर में पिछले तीन दिनों से हुई बारिश से शहर की कई दुकानों में पानी भर गया। हालात ये है कि कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट तक में पानी घुस गया है। इधर, शहर के सरदारपुरा में नगर निगम दक्षिण की टीम एक कॉम्पलेक्स में पहुंची तो वहां बिजली के खुले तार मिले। यहां के बेसमेंट में भी पानी भरा था, जिसे सीज किया गया।

बताया जा रहा है कि तीन नोटिस के बाद भी शिवालिका टावर नाम के कॉम्प्लेक्स को संचालित किया जा रहा था। 6 मंजिला इस टॉवर में बेसमेंट में गोदाम व 52 दुकाने व 30 फ्लैट है। इसमें दुकानों और गोदामों को सीज किया है और फ्लेट में रहने वालों को सात दिन का समय दिया है। 6 मंजिला इमारत की हालत यह है कि कभी भी यहां हादसा हो सकता है।

निगम के अधिकारियों ने बातया कि ये कॉम्प्लेक्स सरदापुरा फर्स्ट सी रोड पर स्थित है। टीम को इसकी पहले भी शिकायत मिली थी।

निगम की टीम शुक्रवार को जब मौके पर पहुंची तो पता चला कि टावर में फायर फाइटिंग सिस्टम के इक्वीपमेंट भी नहीं थे और न उसने फायर एनओसी ले रखी थी। नगर निगम दक्षिण आयुक्त टी शुभमंगला के आदेश पर सीज किया गया।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि शिवालिका टावर के मालिक को पहले तीन नोटिस जारी किए गए थे। पहला नोटिस जनवरी 2023 में दिया गया था। इसके बाद दूसरा नोटिस मार्च 2024 में दिया गया और तीसरा नोटिस इस मई 2024 में जारी किया गया।

इसके बावजूद भी फायर एनओसी नहीं ली गई और न ही बिल्डिंग में जो कमियां थी उसे पूरा किया गया।

टीम जब बेसमेंट में पहुंची तो वहां भी पनी भरा था और पानी निकासी को लेकर भी व्यवस्था नहीं थी। टीम ने बताया कि पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने पर बिल्डिंग के नुकसान का भी खतरा था।

इन आदेशों के बाद जब तक कमियों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक 6 महीने के लिए यहां चल रही सभी दुकानों के संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बिल्डिंग मालिक को पानी निकासी, बिजली के तारों को सही करने और फायर सिस्टम लगाने के आदेश जारी किए गए है।

गौरतलब है कि यहां पर कपड़े और एसेसरीज समेत अन्य करीब 8 से 10 दुकानें हैं।

शिवालिका टॉवर का मालिक प्रकाश इसी टॉवर के छठे माले पर रहता है। बिल्डिंग के तीसरे माले से छठे माले तक 30 फ्लैट है जहां परिवार रह रहे हैं। बिल्डिंग में 2 बेसमेंट है एक बेसमेंट में हमेशा पानी भरा रहता है। एक बेसमेंट में 19 गोदाम है। पहली मंजिल पर 16 व दुसरी मंजिल पर भी 16 दुकानें है।

# शिकारपुरा के पास लूणी में डूबे दो युवकों के शव बरामद

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में लूणी नदी में तीन युवक डूब गए। एक युवक का शव बाहर निकाला गया। बाकी दो की तलाश के लिए एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया है। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे का है।तीनों युवकों के डूबने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

लूनी थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया कि युवक राजेंद्र राव, करण वैष्णव और अनिल श्रीमाली बाइक पर शिकारपुरा स्थित लूणी नदी पर गए थे। तीनों पानी में उतरे। इस दौरान डूब गए। सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी पर नदी के पास लोगों की भीड़ लग गई।

आज सायं 05:10 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम जिला जोधपुर से पुलिस थाना लूणी के अन्तर्गत ग्राम शिकारपुरा के समीप लूणी नदी में स्नान करने के दौरान तीन युवकों के डूबने की सूचना एसडीआरएफ राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2024 में आपदा राहत एवं बचाव हेतु एसडीआरएफ एफ कम्पनी जोधपुर की कम्पनी मुख्यालय पर तैनात रेस्क्यू टीम एफ-05 के प्रभारी हैड कानि. रोशन लाल को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।

रेस्क्यू टीम प्रभारी 11 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सांय 06:30 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि पुलिस थाना लूणी आयुक्तालाय जोधपुर के अन्तर्गत ग्राम शिकारपुरा के समीप दोपहर के समय लूणी नदी में स्नान करने के दौरान 03 युवक डूब गये, एक युवक के शव को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा निकाल लिया गया। दो युवकों की तलाश के लिए स्थानीय प्रषासन, सिविल डिफेंस टीम एवं ग्रामीणों के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, किन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल पायी है। नदी की चौड़ाई 300 मीटर तथा गहराई लगभग 10 फीट है। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट ने टीम कमाण्डर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों श्रवण राम, राधेश्याम, ओमदान, श्रवणराम, नत्थीलाल, भैराराम, जितेन्द्र कुमार, मनेन्द्र सिंह, नेतराम तथा घमूराम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम के जवानों ने टीम कमाण्डर के निर्देश पर नदी में गोता लगाकर जिक जैक तथा लाईन सर्च तकनीक से सर्च ऑपरेषन शुरू किया। उसके बाद बांस तथा लाईफ बॉय की सहायता से गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। अथक परिश्रम तथा कडी मेहनत से अल्प समय में टीम को 07:30 बजे तक एक के बाद एक दोनों सफलता प्राप्त हुई। रेस्क्यू टीम ने लूणी नदी में डूबे करण वैष्णव पुत्र सोहनदास वैशणव उम्र 19 वर्ष तथा अनिल देव पुत्र जुगल देव उम्र 27 वर्ष दोनों निवासी ग्राम शिकारपुरा थाना लूणी जोधपुर के शवों को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

## बालोतरा में लूनी नदी में गिरे युवक को सकुशल बचाया

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा में लूनी नदी में गिरे युवक को सिविल डिफेंस ने चार घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बचाया गया।

बालोतरा में लूनी नदी में एक युवक के गिर जाने की खबर से इलाके में हडकंप मच गया। गुरुवार रात करीब 10.30 बजे, मेघा हाईवे पर लूनी नदी के पुल के पास एक मोटरसाइकल सवार युवक सडक हादसे का शिकार हो गया और नदी में गिर गया।

राहगीरो ने बालोतरा पुलिस को सूचना दी गई कि एक मोटरसाइकल अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हालात में सडक पर पडी है और इस पर सवार युवक के नदी में गिरने का अंदेशा जताया जा रहा है।

सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। एसडीएम राजेश कुमार और थानाधिकारी ओमप्रकाश गोदारा ने खुद मोर्चा संभाला। एक दिन पहले ही लूनी नदी में पानी आया था लूनी नदी में बुधवार दोपहर को पानी आया था। लूनी नदी मानसून में बहने वाली नदी है।

सिविल डिफेंस के तैराक, सीताराम माली, जनक माली, और उनकी टीम ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। एक बार सूचना मिली कि दो घायल नाहटा जिला अस्पताल पहुंचे हैं, लेकिन फिर पता चला कि वे एक दूसरी घटना के घायल थे। प्रशासन ने जनरेटर और तेज रोशनी की लाइटें लगवा कर सिविल डिफेंस की टीम के लिए बेहतर दृश्यता सुनिश्चित की। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान, नदी के तेज बहाव में बहते हुए युवक ने कटीली झाडियों को पकड कर खुद को बचाया और चिल्लाकर आसपास के लोगों को अपनी स्थिति बताई।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ दिन की यात्रा पर जोधपुर पहुंचे



**जोधपुर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने एयरपोर्ट पर अगवानी की।**

**जोधपुर**, (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के शुक्रवार शाम को दो दिवसीय यात्रा पर जोधपुर पहुंचे। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर अगवानी की।

उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट कर उपराष्ट्रपति का अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी श्रीमती मधु श्रीवास्तव, संभागीय आयुक्त बी एल मेहरा, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल एवं अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

उपराष्ट्रपति ने अपनी पत्नी सहित राजस्थान हाई कोर्ट में आयोजित सेमिनार में हिस्सा लिया।

उप राष्ट्रपति ने अपने वकालात के समय के अनुभव शेयर किए। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट जस्टिस संदीप मेहता, चीफ जस्टिस हाईकोर्ट राजस्थान एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस पुष्पेंद्र भाटी भी मौजूद थे।

उप राष्ट्रपति कल हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। कल शनिवार सुबह 11 बजे वे मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर में राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा आयोजित प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। दोपहर दो बजे वे यहां से सीधे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

गौरतलब है कि राजस्थान हाई कोर्ट की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर बार कौंसिल ऑफ राजस्थान इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। शनिवार को रोल ऑफ ज्यूडिशरी इन इमर्जिंग इंडिया विषय पर सेमिनार भी आयोजित होगा जिसमें उपराष्ट्रपति सहित सभी अथिति शामिल होंगे।

## कांग्रेसजनों ने तिरंगा यात्रा निकाली

**पाली**, (नि.सं.)। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष हेमसिंह शेखावत व जोन प्रभारी मोहन हटेला के निर्देशानुसार 9 अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष्य में पाली जिला मुख्यालय पर कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी व सेवादल के जिला प्रभारी नियामत उला खान के नेतृत्व में तिरंगा न्याय यात्रा निकाली गई

राजीव गांधी कांग्रेस भवन से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजीज दर्द, प्रदेश कांग्रेस सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, जोगाराम सोलकी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवराज बोराणा, प्रकाश सांखला, मेवाराम ओड, आमीन अली रंगरेज ,जसाराम परिहार, रामसिंह इंदा, भेरूसिंह गुर्जर, घनश्याम भाटी, श्याम बागोरिया, भैराराम गुर्जर, गुलाब सोढा, जगदीश प्रजापत, असलम मेहर, सिकंदर पठान, खरताराम गहलोत, फिरोज मोयला, धनराज आर्य, देवेंद्र मीणा, अमराराम, रमेश बावल, सोहन पालीवाल, धनाराम मानपुरा जीतू सिंह, कृष्णा सांसी, साबिर अशरफी, रामचंद्र गहलोत, दिनेश दवे, ताराचंद टांक, इब्राहिम शाह, रमेश पंवार, मोहम्मद यूनुस, मांगीलाल सोलंकी, शंकरलाल गोटा, विकास राठौड़, पुसाराम बावरी सहित कई सेवादल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वृद्धजनों के प्रति खत्म हो रही संवेदनाएं चिंता जनक है : अनुराधा

**जोधपुर**, (कासं)। मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान की आमसभा का आयोजन जोधपुर के नवजीवन संस्थान सभागार में वरिष्ठ समाज सेविका अनुराधा आडवाणी के मुख्य आतिथ्य और संस्थान की अध्यक्ष डॉ स्वाति शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस आमसभा में वृद्ध जनों के सम्मान,बच्चों के संस्कारों और राजस्थान की लोक कला और संस्कृति के संरक्षण के साथ कलाकारों के मान सम्मान को बनाए रखने जैसे विषयों पर मंथन हुआ।

मरुधरा लोक कला एवं संगीत सेवा संस्थान की सचिव सुलोचना गौड़ ने बताया कि आमसभा का आयोजन वरिष्ठ समाज सेविका अनुराधा आडवाणी के मुख्य आतिथ्य और संस्थान की अध्यक्ष डॉ स्वाति शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया,जिसमें अब तक की गतिविधियों से रूबरू कराने के अलावा भविष्य की योजनाओं पर मंथन करने के साथ संस्थान के सदस्यों से उनकी राय भी जानी गई। विशेष तौर पर वृद्ध जनों के प्रति खत्म होती जारी संवेदनाओं से लेकर बच्चों में महसूस की जा रही संस्कारों की कमी के अलावा राजस्थान की लोक कला और संगीत संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ लोक कलाकार की स्थिति को लेकर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसे कला मर्मज्ञ और अनुबंध वृद्धजन कुटीर की संचालिका अनुराधा आडवाणी ने संबोधित करते हुए कहा कि, बदलते परिवेश में हावी होती नई संस्कृति के कारण नई पीढ़ी अपने परिवार के ही वृद्ध जनों के प्रति पूरी तरह गंभीर और संवेदनशील नहीं है, इसका असर नई



**मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान की आमसभा जोधपुर के नवजीवन संस्थान में वरिष्ठ समाज सेविका अनुराधा आडवाणी के मुख्य आतिथ्य तथा डॉ. स्वाति शर्मा की अध्यक्षता में हुई।**

पौध यानी बच्चों में भी साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। बच्चों को अपने दादा-दादी और नाना नानी के नाम तक पता नहीं होते हैं जो बड़ा ही चिंता में डालने जैसा है। इससे भी ज्यादा तकलीफ दायक स्थिति यह है कि, उम्रदराज होते वृद्धजनों को वृद्ध आश्रम में स्वयं संताने छोड़ने आ रही है और उनके वृद्ध जन जब किसी बीमारी से गुजर रहे होते है तब फोन किए जाने पर बहाना बनाकर संभालने के लिए आने को टाल देते हैं बल्कि खुद को व्यस्त बता कर वृद्ध आश्रम के संचालकों को संभालने तक का कह देते हैं,हालांकि वृद्ध आश्रम संचालक वृद्ध जनों को संभालने के लिए ही बने हैं लेकिन वृद्ध जन अपनी ही संतानों को हारी बीमारी में याद करते हैं, अपनी संतानों को देखने की और मिलने की उनकी इच्छा होती है,उनकी आंखों से आंसू बहते रहते हैं लेकिन संताने सूचना करने के बाद भी जब अपने ही जन्म देने वाले माता-पिता को आकर नहीं संभालती हैं तो वह स्थित मन को खराब कर देती है।

आम सभा की अध्यक्षता करते हुए मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान की अध्यक्ष डॉ स्वाति शर्मा ने इस अवसर पर अब तक किए गए सांस्कृतिक और सामाजिक सरोकार के आयोजनों और गतिविधियों के लिए पूरी टीम का साधुवाद दिया और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में और अधिक मनोभाव से राजस्थान की लोक कला और संस्कृति के संरक्षण संवर्धन के आयोजन करने के साथ सामाजिक सरोकारों को समर्पित रहते हुए संस्थान के निर्धारित उद्देश्यों को साकार करते हुए और बेहतर परिणाम ला सकेंगे। उन्होंने वृद्ध जनों के सम्मान करने के साथ नई पीढ़ी के बच्चों में भी संस्कारों को समावेश करने का आव्हान किया और विश्वास दिलाया कि लोक कलाकारों के प्रति हमारा संस्थान समर्पित भाव से विभिन्न प्रकार के आयोजन करेगा।

आम सभा की प्रारंभ में संस्थान की उपाध्यक्ष सुरभि शर्मा ने आमसभा के महत्व पर प्रकाश डाला तो वही संस्थान की सचिव सुलोचना गौड़ ने संस्थान के उद्देश्य से अवगत कराया ।

जबकि कार्यकारिणी सदस्य सुनंदा पुरोहित ने अब तक के आयोजनो की रूपरेखा प्रस्तुत की।

संस्थान की कार्यकारिणी सदस्य अर्चना गौड़ ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मरुधरा लोक कला और संगीत सेवा संस्थान की कार्यकारिणी सदस्य डिंपल गौड़,पूनम गौड़,देवयानी पंवार, बिंदु श्रीवास्तव,रश्मि शर्मा, हर्षलता देवड़ा मौजूद रही।

## गोल निंबड़ा में कच्चा मकान गिरा

**पाली**, (नि.सं.)। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण शहर के कई पुराना मकान में दरारें आई है। गुरुवार देर रात गोल निंबड़ा क्षेत्र में गाछ बाजार जाने वाली सड़क के किनारे एक कच्चा मकान धराशाही से हो गया। यह मकान आनंद कहा था, जो दूसरे मकान में रहता था। यह मकान काफी दिनों से खाली था और गिरने की स्थिति में था। सूचना मिलने पर स्थानीय पार्षद विकास बुबकिया सुबह पहुंचे और नगर परिषद कर्मचारियों को बुलाया। रास्ते से मलबा हटा रास्ता साफ किया। यह घटना रात्रि में होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई।

## जनसुनवाई की

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने की परिवेदनाओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

# 'हर घर तिरंगा अभियान' के संबंध में बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का माहौल बने और प्रदेशवासियों में गर्व की भावना का संचार हो, इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा अभियान' आयोजित किया जाएगा।

इस संबंध में गुरूवार को सायंकाल जिला कलक्टर पूजा पार्थ की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने समस्त जिला और उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को हर घर तिरंगा अभियान के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने बताया कि 13 से 15 अगस्त के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा शपथ दिलवाने, विद्यालयों में तिरंगा कैनवास, रैली, तिरंगा सेल्फी के कार्यक्रम आयोजित करने, तिरंगा सेल्फी स्पॉट, तिरंगा कैनवास सिग्नेचर अभियान, शिला फलकम कार्यक्रम व तिरंगा मेला आदि गतिविधियों का आयोजन होगा।

उन्होंने कहा कि 13 से 15 अगस्त 2024 के दौरान हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिये जिले में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। अभियान के तहत जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे।

जिला कलैक्टर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड़ तक तिरंगा अपनी शान में लहराएं, इसके लिए सम्बंधित अधिकारी झंडों की पर्याप्त व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा सोशल मीडिया पर तिरंगा सेल्फी के लिए भी आमजन और युवाओं को जागरूक किया जाए। उन्होंने अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के लिए वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न गतिविधियों के अतिरिक्त समस्त अधिकारियों-कार्मिकों को अपने घरों में तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग हर घर तिरंगा और हैशटैग एचजीटी 2024 का उपयोग करते हुए फोटो शेयर करने तथा हर घर तिरंगा वेबसाईट पर फोटो अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवचरण मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी जुड़े रहे।

# बार कौंसिल की साधारण सभा संपन्न

**जोधपुर**, (कासं)। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की साधारण सभा की बैठक शुक्रवार को बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सभागार, जोधपुर में भुवनेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बार कौंसिल ऑफ राजस्थान की साधारण सभा की ओर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान को एक बारीय सहायता राशि के रूप में 07 करोड 50 लाख रूपये देने की घोषणा करने को लेकर उनका आभार व्यक्त किया गया।

साधारण सभा नेउच्चतम न्यायालय की याचिका संख्या 352/2023 गौरव कुमार बनाम भारत संघ में पारित निर्णय 30 जुलाई की अनुपालना सुनिश्चित करने का निर्णय लिया। साधारण सभा ने बार संघ, फलौदी से प्राप्त प्रतिवेदन पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया।

इस घटना की कडे शब्दों में निंदा की तथा यह प्रस्ताव पारित किया कि इस संबंध में पत्र पुलिस महानिरीक्षक, संभाग जोधपुर को लिखा जावे और उनसे निवेदन किया जावे कि पुलिस थाना, बाप के थानाधिकारी महेन्द्र कुमार सीरवी को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जावे तथा उसके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू की जावे एवं इस मामले की निष्पक्ष जांच, किसी उच्चाधिकारी से करवाई जावे।

साधारण सभा ने बार संघ मसूदा, जिला अजमेर (अब ब्यावर) के प्रतिवेदन पर विचार-विमर्श कर, मान्यता प्रदान की।

जिसमें देवेन्द्र सिंह राठौड, उपाध्यक्ष, सुरेश चंद्र श्रीमाली, सह-अध्यक्ष, बार कौंसिल ऑफ इंडिया, बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के सह-अध्यक्ष सर्व नवरंग सिंह चौधरी, रतन सिंह राव, हरेंद्र सिंह सिनसिनवार एवं कपिल प्रकाश माथुर एवं सदस्यगण सर्व जगमाल सिंह चौधरी, सैयद शाहिद हसन, डॉ. सचिन आचार्य, राजेश पंवार, रणजीत जोशी, इन्द्राज चौधरी, कुलदीप कुमार शर्मा, घनश्याम सिंह राठौड, सुशील कुमार शर्मा, चिरंजी लाल सैनी, डॉ. महेश शर्मा, राम प्रसाद सिंगारिया, सुनील बेनीवाल, योगेन्द्र सिंह शक्तावत, बलजिंदर सिंह सन्धू उपस्थित थे।